


हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

रविवार 07 जून 2026 बर्ष 02 अंक 148 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

हारने का डर छोड़ दो,जीत अपने आप आ जाएगी। जो खुद पर भरोसा रखता है,वही ज़िंदगी में कमाल करता है।

## मुख्यमंत्री ने खेल विभाग की समीक्षा बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश, खिलाड़ियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

### राजगीर में 31 दिसंबर 2026 तक बनकर तैयार होगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम : मुख्यमंत्री

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने राज्य में खेल अवसंरचना के विकास तथा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए ओलंपिक स्तर की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजगीर में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य 31 दिसंबर 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाए। साथ ही पटना के डुमरी खेल परिसर में विभिन्न खेलों के लिए अलग–अलग अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियमों का निर्माण कराने का निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य की कुल 8,053 ग्राम पंचायतों में से 4,700 ग्राम पंचायतों में 5,266 खेल मैदानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने शेष खेल मैदानों के निर्माण



कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में VB&G RAM G (विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन, ग्रामीण) के माध्यम से खेल मैदानों का निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, आधुनिक खेल उपकरण, बेहतर कोचिंग तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे बिहार के खिलाड़ी देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन कर सकें।

## मलमास मेले में प्रशासन की मानवीय पहल, दिव्यांगों को व्हीलचेयर सेवा और बिछड़े श्रद्धालु को परिवार से मिलाया



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से लगातार सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। मेले के दौरान ब्रह्मकुंड में आने वाले दिव्यांगजन, वृद्ध महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की सहायता के लिए व्हीलचेयर सेवा उपलब्ध कराई गई है। आपदा मित्रों द्वारा पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ नियमित रूप से श्रद्धालुओं को यह सुविधा प्रदान की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लगातार मुस्तैद हैं। व्हीलचेयर सेवा के माध्यम से उन श्रद्धालुओं को विशेष राहत मिल रही है, जिन्हें चलने–फिरने में कठिनाई होती है।इसी बीच मेले में अपने परिजनों से बिछड़ गए एक श्रद्धालु को प्रशासन की तत्परता से उसके परिवार से मिलाया गया। कंट्रोल रूम और प्रशासनिक टीम की सक्रियता के कारण श्रद्धालु को सुरक्षित ढंग से उसके परिजनों तक पहुंचाया गया। परिवार से मिलने के बाद श्रद्धालु और उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस मानवीय पहल के लिए श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन की प्रशंसा करते हुए अधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी। मलमास मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सहायता के लिए प्रशासन द्वारा लगातार विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## राजगीर मलमास मेला आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम : डॉ. प्रेम कुमार

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को अपने परिवार के साथ विश्वप्रसिद्ध राजगीर मलमास मेला में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजगीर का मलमास मेला सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक साधना का अद्भुत संगम है, जो देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि वे शुक्रवार देर रात अपने परिवार के साथ राजगीर पहुंचे और ब्रह्ममुहूर्त में पवित्र कुंडों में स्नान कर विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। उन्होंने राज्य और देश की सुख–शांति, समृद्धि, खुशहाली तथा जनकल्याण के लिए देवी–देवताओं से प्रार्थना की। उन्होंने जरासंध की पावन धरती को नमन करते हुए कहा कि मलमास मेले के सुव्यवस्थित आयोजन की परंपरा मगध के चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध से जुड़ी मानी जाती है। उन्होंने कहा कि महाराज जरासंध के जीवन में भक्ति और शक्ति दोनों का विशेष महत्व था। स्नान, दान, पूजा और कुश्ती उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा थे तथा उनका मल्लयुद्ध आज भी विश्वभर में प्रसिद्ध है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मलमास की अवधि में सभी देवी–देवता राजगीर में निवास करते हैं। यही कारण है कि इस दौरान यहां स्नान, दान और पूजा–अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के कारण लाखों लोग राजगीर पहुंचकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए आराधना करते हैं।उन्होंने कहा कि राजगीर धार्मिक महत्व के साथ–साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। राज्य सरकार



एवं जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था के लिए किए गए व्यापक प्रबंधों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन लगातार बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने, तंबाकू निषेध का पालन करने तथा धार्मिक अनुष्ठानों को श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराते हैं। अंत में उन्होंने मलमास मेले में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं के सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भगवान की कृपा से बिहार विकास, खुशहाली और सामाजिक सौहार्द के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।



## 9 जून को नालंदा में लगेगा जॉब कैंप, 110 पदों पर होगी भर्ती

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय नालंदा द्वारा आगामी 9 जून को जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप संयुक्त श्रम भवन स्थित जिला नियोजनालय परिसर, ब्लॉक कैंपस बिहारशरीफ में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित होगा। जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने बताया कि जॉब कैंप में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी 2Coms Consultancy Pvt- Ltd. भाग लेगी। कंपनी द्वारा असेंबली लाइन ऑपरेटर एवं मशीन ऑपरेटर के कुल 110 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को 17 हजार से 19 हजार 500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत 11 हजार रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति नोएडा एवं बेंगलुरु में की जाएगी। जिला नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, इसलिए नियुक्ति संबंधी सभी शर्तों एवं नियमों के लिए संबंधित कंपनी स्वयं जिम्मेदार होगी। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने जिले के बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को सभी आवश्यक प्रमाण–पत्रों के साथ जॉब कैंप में पहुंचकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाएं।






अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# नालंदा के कलाकार चिंटू कुमार ने बनाई टी–20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी की अनूठी प्रतिकृति, क्रिकेट सितारों को करेंगे सम्मानित

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पावापुरी (नालंदा)।** क्रिकेट भारत में केवल एक खेल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं और जुनून से जुड़ा हुआ है। इसी जुनून को अपनी कला के माध्यम से जीवंत रूप देने का कार्य कर रहे हैं नालंदा के युवा वास्तुशिल्पी एवं कलाकार चिंटू कुमार, जिन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक उपलब्धियों को अपनी रचनात्म. कता के जरिए खास पहचान दी है। नालंदा निवासी चिंटू कुमार पिछले लगभग 20 वर्षों से कला और वास्तुशिल्प के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने पटना आर्ट कॉलेज से स्नातक तथा राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से परास्नातक की शिक्षा प्राप्त की है। अपने जीवन में कई आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद उन्होंने कला के प्रति अपने समर्पण को कभी कम नहीं होने दिया। वर्ष 2011 उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ, जब उन्होंने पत्थर पर नक्काशी कर आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप की प्रतिकृति तैयार की थी। उनकी इस अनूठी कलाकृति को भारत के विश्व विजेता कप्तान डीमद. कत`पदही कीवदप को भेंट किया गया था, जिसे काफी सराहना मिली थी। अब एक बार फिर चिंटू कुमार ने अपने हुनर का परिचय देते हुए आईसीसी टी–20 वर्ल्ड कप की शानदार प्रतिकृति तैयार की है।




इस बार उन्होंने ट्रॉफी को पत्थर के बजाय स्टील से निर्मित किया है। भारतीय टीम की विश्व कप जीत से प्रेरित यह कलाकृति देश के क्रिकेटरों के प्रति उनके सम्मान और प्रेम को दर्शाती है।चिंटू कुमार का कहना है कि वे बिहार के उन खिलाड़ियों को भी सम्मानित करना चाहते हैं जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। इनमें ईशान किशन , वैभव सूर्यवंशी , साकिब हुसैन , आकाश दीप और मुकेश कुमार जैसे उभरते और स्थापित क्रिकेटर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उनकी तैयार की गई टी–20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी की यह विशेष प्रतिकृति बिहार के क्रिकेट आइकन ईशान किशन को भेंट की जाएगी। उनका मानना है कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और देश के नायकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का भी सशक्त जरिया है। संघर्षों से भरे सफर के बावजूद चिंटू कुमार ने यह साबित किया है कि यदि जुनून और समर्पण मजबूत हो, तो कला केवल एक हुनर नहीं रहती, बल्कि वह प्रेरणा और सम्मान का प्रतीक बन जाती है।




## पौधारोपण करने का लिया संकल्प, लगाएं कम से कम एक पौधा

# पर्यावरण को बचाना है तो पौधा लगाना जरूरी



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** स्वामी चिदात्मन जी महाराज उर्फ फलाहारी बाबा के प्रवचन मंच गढ़ महादेव मंदिर के पास फलाहारी बाबा एवं वीरायतन की प्रमुख साध्वी डॉ. संप्रज्ञा जी के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। लोगों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों ने पौधारोपण का संकल्प लिया। वहीं लोगों ने वीरायतन की संस्थापिका पद्मश्री से सम्मानित परम पूज्य आचार्य साध्वी चंदना जी महाराज को श्रद्धांजलि भी दी। फलाहारी बाबा ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सबों का दायित्व है। इसके लिए सबों को एक–एक पौधा रोपना चाहिए। राजगीर विकास समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा सबकी जिम्मेवारी है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर हाथ को एक पौधा लगाना होगा। विश्व पर्यावरण की शुरुआत सबसे पहले स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम से 1972 में की गई थी। वृक्ष है तो जीवन है। जल है तो जीवन है। प्रकृति और संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए अपनाएं जल जीवन हरियाली। पौधा रोपना जितना जरूरी है उतना ही उसकी देखभाल व बचाना जरूरी है। उसका उचित रखरखाब करें। राजगीर विकास समिति के उमराव प्रसाद निर्मल ने कहा कि हरियाली को बढ़ाना है। इसके लिए सबों को जागरूक होकर पौधारोपण करना होगा। पेड़ों का कटाव न करें। उसके अपनी संतान की तरह देखभाल करें। यह कार्यक्रम राजगीर विकास समिति के द्वारा किया गया। इस मौके पर रविन्द्र ब्रह्मचारी, राजगीर विकास समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार उपाध्याय, महासचिव उमराव प्रसाद निर्मल, डॉ. अमित कुमार पासवान, उपेंद्र कुमार विभूति, शिवकुमार सिंह, प्रतिक राज, प्रशांत कुमार बादल, सर्व मंगला योग विद्यापीठ के श्री राम और श्री लक्ष्मण जी, वन विभाग के अधिकारी रजनीक. ांत, शुभम कुमार, मनोरमा कुमारी, सुधीर मालाकार, श्रवण यादव, ध्रुव उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे।

## 33 कोटि देवता का आशीर्वाद पाने राजगीर में उमड़ रही भक्तों की भीड़

# 15 जून तक मलमास मेला, देश के कोने–कोने से पहुंच रहे हैं श्रद्धालु



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** धार्मिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक नगरी राजगीर इन दिनों पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के कारण विशेष रूप से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। राजगीर की धरा पर 33 कोटि देवता विराजे हुए हैं। इससे मलमास में यहां का महात्मय बढ़ा हुआ है। सनातन परंपरा में पुरुषोत्तम मास को भगवान विष्णु की आराधना, दान–पुण्य, जप–तप और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। यह विशेष मास 15 जून तक चलेगा, जिसके कारण राजगीर के मंदिरों, कुंडों और धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां की पांचों पहाड़ियां देवताओं और ऋषि–मुनियों की तपोभूमि रही है। लोक आस्था में यह विश्वास प्रचलित है कि यहां 33 कोटि देवी–देवताओं का निवास है। इसी कारण पुरुषोत्तम मास में यहां स्नान, पूजा और परिक्रमा का विशेष महत्व है। श्रद्धालु पवित्र कुंडों में स्नान कर भगवान विष्णु एवं अन्य देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना कर रहे हैं।

**जप, तप व दान का विशेष महत्व**

पंडा कमेटी के प्रवक्ता सुधीर कुमार उपाध्याय ने बताया कि अधिक मास प्रत्येक तीन वर्ष के आसपास आता है। इसे पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। शास्त्रों में इस मास को भगवान विष्णु का स्वरूप माना गया है। इस दौरान किए गए जप, तप, दान, व्रत, कथा–श्रवण और तीर्थाटन का फल कई गुना अधिक प्राप्त होने की मान्यता है। यही कारण है कि काफी संख्या में श्रद्धालु राजगीर पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले रहे हैं।

अपने क्षेत्र के खबर
भेजने या विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# गरीब भगवान की सेवा में उतरे संत, बांटे महाप्रसाद, अंगवस्त्र और दक्षिणा

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मलमास मेला पर गोपाल धाम के महंत स्वामी सनातन चिन्मयानंद सरस्वती द्वारा शनिवार को राजगीर के विभिन्न क्षेत्रों में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच पोंगल महाप्रसाद (खिचड़ी), अंगवस्त्र एवं दक्षिणा का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम के तहत कुंड क्षेत्र, वीरायतन रोड, वैतरणी धाम, थाना रोड, बस स्टैंड रोड तथा बाजार रोड सहित कई स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों को प्रसाद एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। महंत स्वामी सनातन चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि पुरुषोत्तम मास सेवा, दान और भक्ति का विशेष पर्व है। इसी भावना के साथ हर मलमास मेला की तरह इस वर्ष भी पोंगल महाप्रसाद खिचड़ी का वितरण किया गया। प्रसाद के साथ श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंदों को खाजा, अंगवस्त्र और दक्षिणा भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने महंत के इस सेवा कार्य की सराहना की। इसे मानवता एवं धर्म का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। गरीब भगवान के साथ मेला भ्रमण के लिए आये महिला श्रद्धालुओं ने भी बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व नई पोखर राम–जानकी ठाकुरबाड़ी में संतों महंतों, महामंडलेश्वर के सान्निध्य में पोंगल प्रसाद खिचड़ी भंडारा का विशाल आयोजन किया गया।



इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। संत समाज के अनेक सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और धार्मिक वातावरण में आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा बने। इस अवसर पर गोपाल धाम के महंत स्वामी सनातन चिन्मयानंद सरस्वती, नई पोखर ठाकुरबाड़ी के महंत लक्ष्मण शरण महाराज, नरेंद्र कुमार शर्मा, निशांत कुमार, शंकर सिंह, मुकेश सिंह, पवन सिंह, विनोद कुमार सहित कई सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकर्ताओं ने पोंगल प्रसाद, अंगवस्त्र एवं दक्षिणा वितरण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग किया।

# नालंदा पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल छह पुलिस पदाधिकारियों का तबादला




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में विधि–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने बड़े पैमाने पर फेरबदल करते हुए छह पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण एवं नव–पदस्थापन किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार विभिन्न थाना एवं अंचल स्तर के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश के तहत अस्थावां के थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक उत्तम कुमार को प्रशासनिक दृष्टिकोण से हटाकर पुलिस केंद्र, नालंदा स्थ. ानांतरित कर दिया गया है। उनके स्थान पर चंडी अंचल के अंचल पुलिस निरीक्षक सत्यम चंद्रवंशी को अस्थावां थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, इस्लामपुर के थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय का स्थानांतरण कर उन्हें बिहार अंचल का अंचल पुलिस निरीक्षक नियुक्त किया गया है। उनकी जगह करायपरसुराय के थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक रणविजय कुमार को इस्लामपुर थाना की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा साइबर थाना में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार सिंह को चंडी अंचल का नया अंचल पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। वहीं बिहार थाना में पदस्थापित कनीय पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार पासवान को करायपरसुराय का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने इन नियुक्तियों के साथ कई सख्त शर्तें भी लागू की हैं। सभी नवपदस्थापित थानाध्यक्षों एवं अंचल पुलिस निरीक्षकों को अपने नए पद का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व अपनी अर्हता संबंधी प्रमाण–पत्र कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार सरकार के नियमों के अनुसार, जिन पुलिस पदाधिकारियों को किसी न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध ठहराया गया हो अथवा जांच के दौरान आरोपी बनाया गया हो, उन्हें इन महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थापित नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, भ्रष्टाचार या अभिरक्षा में हिंसा जैसे मामलों में विभागीय कार्रवाई के दौरान दोषी पाए गए पदाधिकारी भी इन पदों के लिए अयोग्य माने जाएंगे। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन अधिकारियों के विरुद्ध कोई विभागीय कार्रवाई लंबित है, वे थानाध्यक्ष अथवा अंचल पुलिस निरीक्षक के पद के लिए पात्र नहीं होंगे। राज्य में लागू शराबबंदी कानून को लेकर भी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। आदेश के अनुसार यदि किसी पदा. धिकारी की अपने क्षेत्र में शराब निर्माण, बिक्री या परिवहन में संलिप्तता पाई जाती है अथवा मद्यनिषेध कानून के अनुपालन में लापरवाही सामने आती है, तो उसे अगले 10 वर्षों तक थानाध्यक्ष या ओपी प्रभारी के पद पर पदस्थापित नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों को तत्काल अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने तथा अनु. पालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि किसी अधिकारी की अर्हता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो उसका पदस्थापन आदेश स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा।

# हरनौत में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शुभारंभ ,खिलाड़ियों में उत्साह

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में पहले दिन के मुकाबले में कुंदन–11 बना विजेता जबकि फॉल्कन टीम उपविजेता

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुचारा मैदान में शुक्रवार से नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन समारोह बेहद उत्साहपूर्ण और रंगारंग माहौल में संपन्न हुआ।उद्घाटन समारोह में हरनौत नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह क्रिकेट टूर्नामेंट के संयोजक धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह,हरनौत व्यापार मंडल अध्यक्ष सह बस्ती पैक्स अध्यक्ष दिलीप सिंह,उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों,खेल प्रेमियों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।पहले मैच का टॉस मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह टुर्नामेंट के संयोजक धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह से करवाया गया।इस दौरान मुख्य अतिथियों ने स्वयं बल्ला से हवा में बॉल को उड़ाया।जहां खिलाड़ियों का जोश बढ़ गया।इस प्रकार पहले दिन फॉल्कन एवं कुंदन 11 टीम के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें फॉल्कन की टीम के कप्तान अमित ने टॉस जीतकर फिल्डिंग करने का फैसला लिया।इस प्रकार कुन्दन 11 की टीम ने 12 ओवर में 91 रन का स्कोर खड़ा किया।



इसके जवाबी पारी में फॉल्कन टीम पीच पर उतरी एवं 12 ओवर में से चार बॉल शेष रहते हुए सभी विकेट खोकर मात्र 73 रन हीं बना पाया।इस प्रकार पहले मैच में फॉल्कन टीम उपविजेता जबकि कुन्दन 11 की टीम 18 रन से विजेता रहा।मौके पर वार्ड पार्षद संजय कुमार, टिंकू कुमार,रिंकु पांडे, राजीव कुमार के आवास टूर्नामेंट के संरक्षक मंडल में शामिल मनीष,रौशन,अमन,प्रिंश,रधुवीर सहित सैकड़ों खेलप्रेमी मौजूद थे।वहीं संरक्षक मंडल में शामिल मनीष ने बताया कि प्रतियोगिता सुपर लीग प्रारूप में खेली जा रही है।फाइनल मुकाबले में विजेता एवं उपविजेता टीम को क्रमशः 15 व 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार के साथ–साथ ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किए जाएंगे।









# भीषण गर्मी में पोआरी गांव में नल जल योजना ठप , परेशानी



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के पोआरी पंचायत के वार्ड नंबर 13 पोआरी गांव में सात निश्चय योजना के तहत संचालित हर घर नल जल योजना ठप पड़ी है।इस कारण भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।खासकर मि. हलाओं और बच्चों की स्थिति सबसे ज्यादा दयनीय हो गयी है, जिन्हें दूर–दराज से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीण बिरेन पासवान ने बताया कि नल का जल बंद रहने से पूरे टोले में जल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने तकरिबन एक सप्ताह से ठप पड़े नल जल योजना को चालू कराने की मांग की है।ग्रामीणों ने पीएचइडी विभाग के कनीय अभियंता और ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उनका कहना है कि बार–बार मोटर या बिजली संबंधित उपकरण में खराबी आती है। पीछले कई बार नल जल योजना ठप हुई थी।फिर मीडीया में आने के बाद जलापूर्ति का दुरुस्त किया गया ।यह इलाका अनुसूचित जाति बहुल है, जहां गरीब तबके के लोग रहते हैं। इसके बावजूद विभागीय लापरवाही के कारण उन्हें मूलभूत सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे प्रखंड कार्यालय पर धरना–प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।कनिय अभियंता सुप्रिया कुमारी ने कहा कि मामला संज्ञान में है।एमसीबी सहित अन्य उपकरण में खराबी है।

# बेंगलुरु जाते समय कृष्णराजपुरम स्टेशन पर बिछड़े मोनी सिंह, परिजनों ने की तलाश में सहयोग की अपील



**केशववाणी पावापुरी (नालंदा)।** पावापुरी थाना क्षेत्र के पोखरपुर गांव निवासी मोनी सिंह बेंगलुरु में काम करने के लिए बुधवार को अपने गांव के ही सत्या कुमार के साथ ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान बेंगलुरु पहुं. चने से पहले कृष्णराजपुरम रेलवे स्टेशन पर वे पानी और खाने–पीने का सामान लेने के लिए ट्रेन से उतरे थे। इसी बीच ट्रेन खुल गई और वह ट्रेन पर वापस नहीं चढ़ सके। साथ यात्रा कर रहे सत्या कुमार ने इसकी सूचना मोनी सिंह के परिजनों को दी। तब से परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। परिजनों के अनुसार मोनी सिंह अधिक पढ़े–लिखे नहीं हैं और उनके पास कोई मोबाइल फोन भी नहीं है, जिससे उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। मोनी सिंह की उम्र लगभग 41 वर्ष है। उनका रंग गोरा है। घटना के समय उन्होंने नीले रंग का पैंट (ट्राउजर) और गुलाबी रंग की टी–शर्ट पहन रखी थी। उनकी लंबाई लगभग 5 फीट 6 इंच है।परि. जनों ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को मोनी सिंह के संबंध में कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें, तो तत्काल निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क करें मोबाइल नंबररू 7368056963, 9229604145 परिजनों ने बताया है कि मोनी सिंह के संबंध में सही सूचना देने वाले व्यक्ति को आने–जाने का खर्च देने के साथ–साथ उचित पुरस्कार भी दिया जाएगा। परिवार ने ला. `गों से अपील की है कि इस सूचना को अधिक से अधिक साझा करें ताकि मोनी सिंह सकुशल अपने परिवार तक पहुंच सकें।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले के हरनौत बाजार में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में चल रहे हैं मशरूम की खेती पर पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शनिवार को सर्टिफिकेट वितरण के साथ संपन्न हो गया।अंतिम दिन मुल्यांकन भी लिया गया। वहीं केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. सीमा कुमारी ने कहा है प्रशिक्षण दो से छह जून तक संचालित किया गया। जिसमें प्रशिक्षण का विषय था मशरुम उत्पादन एवं प्रसंस्करण।कहा इसका उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनी. कों से प्रशिक्षित करना था।बताया कि प्रशिक्षण में 30 लोग प्रतिभागी शामिल हुए है। उन्हें मशरूम की बीज उत्पादन प्रक्रिया, खाद तैयार करने, फसल प्रबंधन और आवश्यक उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गई। वहीं गृह विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ ज्योति सिन्हा ने कहा कि मशरूम में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद हैं। इसके अलावा, मशरूम की खेती छोटे स्थान पर भी आसानी से की जा सकती है, जिससे यह सीमित जमीन वाले किसानों और युवाओं के लिए एक बेहतर विकल्प है।मशरूम की खेती युवाओं के लिए एक लाभदायक व्यवसाय बन सकती है। इससे न केवल आमदनी बढ़ेगी, बल्कि कृषि अपशिष्ट का भी सही उपयोग होगा। मौके पर उद्यान विज्ञान के वैज्ञानिक कुमारी विभा रानी सहित अन्य मौजूद थे।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

